त्रैमासिक परीक्षा 2025-26

विषय- हिंदी

कक्षा- 10 वीं

समय: 3 घंटे पूर्णांक: 75

निर्देश-

सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

1. प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है जिनके लिए 30 अंक निर्धारित है।

2. प्रश्न क्रमांक 6 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न दो अंक का है। शब्द सीमा 30 शब्द है।

3. प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न तीन अंक का है। शब्द सीमा 75 शब्द है।

4. प्रश्न क्रमांक 21 से 23 तक प्रत्येक प्रश्न चार अंक का है। शब्द सीमा 120 शब्द है।

प्रश्न-1 एक सही विकल्प चुनकर लिखिए – (6)

1. हिंदी साहित्य का स्वर्ण युग कहलाता है....

(अ) रीतिकाल (ब) भक्तिकाल (स) आदिकाल (द) आधुनिक काल

2. किस काव्य के छंद एक कथा के धागे में मोती की तरह गुँथे होते हैं?

(अ) मुक्तक काव्य (ब) प्रबंध काव्य (स) श्रव्य काव्य (द) दृश्य काव्य

3. नेताजी की मूर्ति लगवाई गई थी-

(क) वन विभाग द्वारा (ब) नगर पालिका द्वारा (स) नगर निगम द्वारा (द) शिक्षा विभाग द्वारा

4. सूरदास के पद में भाषा है-

(क) ब्रजभाषा (ब) मैथिली (स) खड़ी बोली (द) बघेली

5. दो वर्णों के मेल को कहते हैं-

(क) संधि (ब) समास (स) उपसर्ग (द) प्रत्यय

6. 'मइया चावल आमनिया कर रही थीं' अमनिया का अर्थ है-

(क) फटकना (ब) साफ करना (स) चुनना (द) धोना

प्रश्न-2 रिक्त स्थान में सही विकल्प चुनकर लिखिए- (6)

1. गोपियों ने मधुकर संबोधन..........के लिए दिया है।( कृष्ण/ / उद्धव)

2. चौपाई के प्रत्येक चरण में............ मात्राएँ होती है। (16-16/ 11-13 )

3. नायक के जीवन की किसी एक घटना का पूर्णता के साथ चित्रण ..........में होता है। ( खंडकाव्य/ महाकाव्य)

4 एक अंक वाली रचना कहलाती है। ( नाटक/एकांकी)

5. मनोबल में संधि............है। ( स्वर/ विसर्ग )

6.भोलानाथ पूजा के समय मस्तक पर ........... का तिलक लगाते थे। ( चंदन / भभूत )

प्रश्न-3 सही जोड़ी मिलाकर लिखिए- (6)

| (क) | (ब) |
| --- | --- |
| (1) सूरसागर | (अ) महाकाव्य 3 |
| (2) पान वाला | (ब) एकता में शक्ति 4 |
| (3) रामचरितमानस | (स) खुशमिजाज 2 |
| (4) एक और एक ग्यारह होना | (द) सूरदास 1 |
| (5) लोकोक्ति को कहते हैं | (इ) शिवपूजन सहाय 6 |
| (6) माता का अँचल | (ई) लोगों द्वारा कहा गया कथन 5 |

प्रश्न- 4 एक वाक्य में उत्तर लिखिए- (6)

1. गोपियों के अनुसार राजा का धर्म क्या है? वह प्रजा की रक्षा करे
2. संचारी भाव की संख्या कितनी होती है? 33 → 33
3. कलम का जादूगर किसे कहा जाता है? मुंशी प्रेमचंद
4. समास के भेदों के नाम लिखिए। 6 6
5. अमोला किसे कहते हैं? आम की गुठली का पेड़
6. मकई के खेत में किसका झुंड चल रहा था? चिड़ियों का झुंड चिड़ियों का झुण्ड

प्रश्न- 5 सत्य/ असत्य चयन कर लिखिए: (6)

1. उद्धव का संदेश गोपियों को गुड़ की तरह मीठा लगा। X X
2. रस के साथ अंग है। X
3. नेताजी की मूर्ति संगमरमर की थी। ✓
4. बाल गोबिन भगत कबीर को साहब मानते थे। ✓
5. आग बबूला होना मुहावरे का अर्थ है-बबूल में आग लगना। X X
6. तारकेश्वर नाथ ही भोलानाथ थे। X

प्रश्न- 6 परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिए? (2)

अथवा

उद्धव के व्यवहार की तुलना किस-किस से की गई है ?

प्रश्न-7 लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषता बताई?(2)

अथवा

'मरजादा न लही' के माध्यम से कौन सी मर्यादा न रहने की बात की जा रही है?

प्रश्न- 8 छंद किसे कहते हैं छंद के प्रकार लिखिए। (2)

अथवा

महाकाव्य एवं खंडकाव्य में कोई दो अंतर लिखिए।

प्रश्न- 9 स्वयं प्रकाश अथवा रामवृक्ष बेनीपुरी का साहित्यिक परिचय निम्न बिंदुओं के आधार पर लिखिए-(2)

(1) दो रचनाएँ (2) भाषा- शैली (3) साहित्य में स्थान

प्रश्न- 10 भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ? (2)

अथवा

कैप्टन बार-बार मूर्ति पर चश्मा क्यों लगा देता होगा? इस पर अपने विचार लिखिए।

प्रश्न- 11 मूर्ति पर लगा सरकंडे का चश्मा क्या उम्मीद जगाता है? (2)

अथवा

बालगोबिन भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त की? लिखिए।

प्रश्न- 12 नाटक और एकांकी में कोई दो अंतर लिखिए। (2)

अथवा

हिंदी साहित्य के दो निबंधकारों के नाम और उनकी रचनाएँ लिखिए।

प्रश्न- 13 निम्नलिखित समास का विग्रह कर उसका नाम लिखिए। ( कोई दो) (2)

(1) रसोईघर (2) यथाशक्ति (3) महाकवि (4) माता- पिता

अथवा

निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए वाक्य में प्रयोग कीजिए। ( कोई दो)

(1) खून पसीना एक करना (2) घी के दिए जलाना (3) एक और एक ग्यारह (4) अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना

प्रश्न- 14 भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है? (2)

अथवा

माता का अँचल पाठ में शिशु का नाम भोलानाथ कैसे पड़ा?

प्रश्न- 15 रीतिकाल की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। (2)

अथवा

रीतिकालीन कोई दो कवियों के नाम उनके एक-एक रचना के साथ लिखिए।

प्रश्न- 16 कवि सूरदास अथवा तुलसीदास की काव्यगत विशेषताएँ निम्न बिंदुओं का आधार पर लिखिए-(2)

(1) दो रचनाएँ (2) भाव पक्ष -कलापक्ष (3) साहित्य में स्थान

प्रश्न- 17 काव्य की परिभाषा व प्रकार लिखिए। (2)

अथवा

महाकाव्य और खंडकाव्य में कोई दो अंतर लिखिए।

प्रश्न- 18 'मेरे प्रिय शिक्षक' विषय पर एक अनुच्छेद लिखिए। (3)

अथवा

धूम्रपान को रोकने के लिए उसकी हानियाँ बताते हुए एक विज्ञापन 25 से 50 शब्दों में तैयार कीजिए।

प्रश्न- 19 निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ- प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए-(3)

लखन कहा हसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना।
का छति लाभु जून धनु तोरें । देखा राम नयन के भोरें।
छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू। मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू।
बोले चितै परसु की ओरा। रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा।

अथवा

ऊधौ तुम हौ अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौ जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।
प्रीति- नदी मैं पाउँ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी।
सूरदास अबला हम भोरी , गुर चाँटी ज्यौं पागी ।।

प्रश्न- 20 निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ- प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए-(3)

जीप कस्बा छोड़कर आगे बढ़ गई तब भी हालदर साहब इस मूर्ति के बारे में सोचते रहे, और अंत में एक निष्कर्ष पर पहुँचे कि कुल मिलाकर कस्बे के नागरिकों का यह प्रयास सराहनीय ही कहा जाना चाहिए। महत्व मूर्ति के रंग- रूप या कद नहीं, उस भावना का है वरना तो देश-भक्ती भी आजकल मजाक की चीज होती जा रही है।

अथवा

बाल गोबिन भगत मँझोले कद के गोरे चिट्टे आदमी थे। साठ से ऊपर के ही होंगे। बाल पक गए थे। लंबी दाढ़ी या जटाजूट तो नहीं रखते थे, किंतु हमेशा उनका चेहरा सफेद बालों से ही जगमग किया रहता। कपड़े बिलकुल कम पहनते। कमर में एक लंगोटी मात्र और सिर में कबीरपंथियों की- सी कनपटी टोपी। जब जाड़ा आता, एक काली कमली ऊपर से ओढ़े रहते। मस्तक पर हमेशा चमकता हुआ रामानंदी चंदन जो नाक के छोर से ही, औरतों के टीके की तरह शुरू होता। गले में तुलसी की जड़ों की एक बेडौल माला बाँधे रहते हैं।

प्रश्न - 21 निम्नलिखित अपठित गद्यांश अथवा काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (4)

मनुष्य स्वभाव से ही सौंदर्य खोजता है। घी का लड्डू टेढ़ा भी मीठा ही होता है , पर मनुष्य गोल बनाकर उसे सुंदर कर लेता है। उच्छृंखल व्यक्ति की अपेक्षा अनुशासित व्यक्ति में सौंदर्य बोध उच्च कोटि का होता है। बिगड़े दिमाग का युवक परायी बहू- बेटियों के घूरने को भी सौंदर्य बोध कहा करता है, परंतु यह संसार की सर्वाधिक असुंदर बात है। वास्तविक सौंदर्य बोध में मर्यादा, संयम,अपनत्व एवं सेवा का सामंजस्य अवश्य विद्यमान रहता है।

प्रश्न:

(1) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

(2) संसार की सर्वाधिक असुंदर बात क्या है?

(3) किस प्रकार के व्यक्ति में उच्च कोटि का सौंदर्य बोध होता है?

अथवा

यदि फूल नहीं बो सकते तो, कांटे कम से कम मत बोओ।
है अगम चेतना की घाटी, कमजोर बड़ा मानव का मन।
ममता की शीतल छाया में होता, कटुता का स्वयं शमन ।
ज्वालाएँ जब घुल जाती है, खुल-खुल जाते हैं मुँदे नयन।
होकर निर्मलता में प्रशांत, बहता प्राणों का क्षुब्ध पवन।
संकट में यदि मुस्का न सको, भय से कतर हो मत रोओ।
यदि फूल नहीं बो सकते हो, तो कांटे कम से कम मत बोओ।

प्रश्न :

(1) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(2) उपर्युक्त पंक्तियों में 'फूल बोने और काँटे बोने' का प्रतिकार्थ क्या है?

(3) भय कातर होने पर मनुष्य की स्थिति कैसी हो जाती है?

प्रश्न - 22 अपने नगर के नगर पालिका अधिकारी महोदय को अपने वार्ड में व्याप्त गंदगी को दूर करवाने हेतु एक शिक
लिखिए। (4)

अथवा

समय के सदुपयोग और परिश्रम पर बल देते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

प्रश्न 23 निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध रूपरेखा सहित लिखिए :(4)

(1) विद्यार्थी जीवन में नैतिक मूल्यों का महत्व

(2) पर्यावरण नियंत्रण: कारण एवं निदान

(3) विज्ञान : वरदान भी अभिशाप भी

(4) मानव जीवन की प्रगति में कंप्यूटर